आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 03.10.2023

मुख्य समाचारः–

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जगदलपुर में छब्बीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया–कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार, देश में अधोसंरचना विकास पर विशेष ध्यान दे रही है।

2– प्रधानमंत्री ने आज जगदलपुर में आयोजित एक आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है।

3– नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा पांच अक्टूबर से रायपुर में राज्य स्तरीय युवा उत्सव आयोजित किया जाएगा–केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

4– प्रदेश में इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री ने आज 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना' का वर्चुअल शुभारंभ किया।

प्रधानमंत्री–जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार, देश में अधोसंरचना विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। आज अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में अधोसंरचना विकास पर होने वाले खर्च को बढ़ाकर दस लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है।

*विकसित भारत के लिए फिजिकल, डिजिटल और सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर भी भविष्य की जरूरतों के हिसाब से होना चाहिए। यही वजह है हमारी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले खर्च को बढ़ाकर इस साल 10 लाख करोड रुपए कर दिया है। ये पहले के मुकाबले 6 गुना ज्यादा है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का सपना तब पूरा होगा, जब हर प्रदेश, हर जिला और हर गांव विकसित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस्पात के निर्माण में भारत आत्मनिर्भर हो, इसके लिए बीते नौ वर्षों में अनेक कदम उठाए गए हैं। श्री मोदी ने कहा कि बस्तर के नगरनार स्थित एन.एम.डी.सी. संयंत्र में बनने वाला इस्पात ऑटोमोबाइल के साथ ही डिफेंस क्षेत्र को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

*बस्तर में जो स्टील बनेगा, उससे हमारी सेना भी सशक्त होगी और रक्षा निर्यात में भी भारत का डंका बजेगा। स्टील प्लांट के कारण बस्तर सहित आसपास के इलाकों के करीब–करीब 50000 नौजवानों को रोजगार मिलेगा। केंद्र सरकार, बस्तर जैसे हमारे आकांक्षी जिलों के विकास को जिस प्रकार प्राथमिकता दे रही है, उस मिशन को भी ये स्टील प्लांट नई गति देगा।*

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जनजातीय बहुल बस्तर संभाग के जगदलपुर में छब्बीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने बस्तर के नगरनार में स्थापित एनएमडीसी इस्पात संयंत्र का लोकार्पण किया। वहीं, श्री मोदी ने जगदलपुर रेलवे स्टेशन के सुधार कार्य का भी शिलान्यास किया। उन्होंने अंतागढ और ताड़ोकी के बीच नई रेललाईन राष्ट्र को समर्पित की। श्री मोदी ने जगदलपुर और दंतेवाडा के बीच दोहरी रेललाईन परियोजना का भी लोकार्पण किया। श्री मोदी ने ताड़ोकी और रायपुर के बीच ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन परियोजनाओं से जनजातीय क्षेत्र में रेल संपर्क में सुधार होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढावा मिलेगा। इस अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, सासंद अरूण साव और मोहन मंडावी भी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री–जगदलपुर आमसभा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जगदलपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार गरीबों की चिंता करती है और गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, फिर वह गरीब चाहे किसी भी वर्ग या जाति का हो। उन्होंने कहा कि गरीबों का भला करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा देश को जाति के आधार पर बांटने का काम किया है। श्री मोदी ने कहा कि आदिवासियों के विकास के लिए केंद्र की भाजपा सरकार ने कांग्रेस की तुलना में पांच गुना ज्यादा राशि दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासनकाल में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस शासन से लोग त्रस्त हैं। यहां अपराध चरम पर हैं।

इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री–प्रधानमंत्री/नागर विमानन पत्र

ट्रेनों के अनियमित चालन और कभी भी निरस्त किये जाने जैसी दिक्कतों से लोगों को हो रही परेशानी के संबंध में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। अपने पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा है कि रेलवे प्रशासन द्वारा छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली लंबी दूरी की कई ट्रेनों और स्थानीय यात्री ट्रेनों को बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा रहा है। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री बघेल ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि सभी यात्री ट्रेनों का परिचालन पहले की तरह शुरू किया जाए।

वहीं, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर रायपुर–जगदलपुर–हैदराबाद हवाई मार्ग पर विमान सेवा के लिए अलायंस एयर से अनुबंध की अवधि बढ़ाने और बिलासपुर विमानतल से देश के प्रमुख शहरों में विमान सेवा शुरू करने की मांग भी की है। अपने पत्र में श्री बघेल ने श्री सिंधिया से अनुरोध किया है कि बंद की गई बिलासपुर–इंदौर–बिलासपुर और बिलासपुर–भोपाल–बिलासपुर विमान सेवा फिर से शुरू की जाए।

राज्य स्तरीय युवा उत्सव

नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा आगामी पांच और छह अक्टूबर को रायपुर में राज्य स्तरीय युवा उत्सव आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सूचना प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर शामिल होंगे। इस युवा उत्सव में छत्तीसगढ़ के अट्ठाईस जिलों से लगभग पांच सौ युवक–युवतियां भाग लेंगे। इस उत्सव का आयोजन रायपुर स्थित रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा। युवा उत्सव के दौरान चित्रकला, कविता, मोबाइल फोटोग्राफी, भाषण एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा उत्सव में शामिल होने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृतकाल के पंच प्रण– विकसित भारत, गुलामी की सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकजुटता और नागरिक कर्तव्य पर आधारित होगा।

स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना

प्रदेश में इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अब छात्रों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना' का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस योजना के तहत प्रदेश के एक सौ छियालीस विकासखंड मुख्यालयों और चार शहरों – रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित एक सौ पचास कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग के तहत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य–पुस्तक निगम और ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आने वाले समय में सभी विकासखंडों में पीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की ऑनलाईन कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के तहत अब तक नौ हजार से अधिक बच्चों ने अपना पंजीयन कराया है।

मुख्यमंत्री–सक्ती

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज सक्ती जिले के डभरा में एक सौ पैंतालीस करोड़ रूपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मालखरौदा को नगर पंचायत बनाने और चंद्रपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की घोषणा की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को राशि और सामग्रियों का वितरण किया। वहीं, डभरा तहसील के ग्राम पंचायत नवापारा, बिनौधा, भजपुर, भेड़ीकोना, रामभाठा, साराडीह, फरसवानी और सकराली के पच्चीस ग्रामीणों को ग्रामीण आवास न्याय योजना के तहत आवास निर्माण संबंधी मंजूरी दी।

## कांग्रेस–भरोसे का सम्मेलन

कांग्रेस द्वारा रायगढ़ जिले के कोंडातराई में कल चार अक्टूबर को भरोसे का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे। इस अवसर पर श्री खड़गे प्रदेश के बयासी चयनित विकासखंडों में बनने वाले जैतखाम का शिलान्यास करेंगे। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के तीन हजार से अधिक हितग्राहियों को नौ करोड़ रूपये से अधिक की सामग्री और सहायता राशि का वितरण करेंगे। सम्मेलन के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## श्रमिक–वेतन दर

प्रदेश के श्रम विभाग ने नियोजित श्रमिकों के वेतन की नई दरें निर्धारित की हैं, जो बीते एक अक्टूबर से अगले साल इकतीस मार्च तक प्रभावी रहेंगी। नई दरों के अनुसार अब उच्च कुशल श्रमिकों का वेतन प्रतिमाह बारह हजार आठ सौ तीस रूपये, कुशल श्रमिकों का बारह हजार पचास रूपये, अर्द्धकुशल श्रमिकों का ग्यारह हजार दो सौ सत्तर और अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतनमान दस हजार छह सौ बीस रूपये निर्धारित किया गया है। वहीं, कृषि श्रमिकों के वेतनमान में प्रतिमाह एक सौ चालीस रूपये की वृद्धि की गई है।

## विधायक विक्रम मंडावी–घायल

बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी कल एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। बस्तर में कांग्रेस द्वारा आयोजित भरोसे की यात्रा से लौटने के दौरान ग्राम तुनकीगुट्टा के पास श्री मंडावी की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में उन्हें गंभीर रूप से चोटें आई हैं। वहीं, उनके साथ मोटरसाइकिल में सवार नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर भी घायल हो गए। श्री सल्लूर का उपचार बीजापुर में चल रहा है। वहीं, विधायक मंडावी को बेहतर इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया है।

इस बीच, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती विधायक विक्रम मंडावी से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

– रायपुर कलेक्टर डॉक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने आज अंतरिक्ष ज्ञान अभियान की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वैन के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में स्थित स्कूलों में विद्यार्थियों को विज्ञान और अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी।

– कोरबा जिले के निर्वाचन कार्यालय में तैनात आरक्षक ललित सोनवानी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। मृतक जवान जांजगीर–चांपा जिले के महोदा गांव का निवासी था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>